भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के बीच समझौता

चर्चा में क्यों?

13 अक्तूबर 2023 को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर (एसआईआईसी) के बीच एक समझौता-ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गए।

प्रमुख बिंदु

- इस समझौता-ज्ञापन के माध्यम से, दोनों पक्ष इनक्यूबेटरों और स्टार्ट-अप को महत्त्वपूर्ण सहायता प्रदान करेंगे, जिससे उनकी वृद्धि और सफलता को बढ़ावा मिलेगा।
- ये संयुक्त प्रयास स्टार्ट-अप के विकास और कृषि क्षेत्र में सार्थक योगदान देने के लिये अनुकूल माहौल प्रदान करेंगे।
- पूसा कृषि और एसआईआईसी आईआईटी ने कृषि में प्रगति और नवाचारों को आगे बढ़ाने के लिये और सहयोग संभावनाओं को तलाशने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।
- यह साझेदारी दोनों संगठनों की विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ उठाते हुए सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से कृषि क्षेत्र में नवीन गतिविधियों को बढ़ावा देगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/agreement-between-indian-agricultural-research-institute-and-indian-institute-of-technology-iit-kanpur